Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 19-11-2022 | अंक 405

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में महिला हुई घायल



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया डैम निवासी सोनी देवी उम्र 30 वर्ष पति सकलदेव यादव घरेलू विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गई। उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल महिला का उपचार कर छुट्टी दे दिया गया। महिला ने मारपीट का आरोप अपने पति और ससुर पर लगाई है।

### धोबियाटांड़ की युवती ने हॉस्टल (हजारीबाग) में आत्महत्या

बरही थाना अंतर्गत गौरियाकरमा पंचायत के धोबियाटांड़ की एक नाबालिग युवती ने बीते रात अपने ह०स्टल में आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती हजारीबाग (बाबूगांव) में रहकर अपना पढ़ाई करती थी। लेकिन बीते रात उसने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया। हालांकि युवती ने आत्महत्या क्यों की इस बात का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

### वन विभाग ने अवैध कोयला लदा टर्बो जप्त किया मामला दर्ज



बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी छोटेलाल साव ने अवैध कोयला कारोबार मामले को लेकर सघन छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें रुदी जंगल से अवैध कोयला लदा टर्बो को जप्त किया। इस दौरान जप्त टर्बो को वन विभाग कार्यालय ले जाया गया। मामले को लेकर छोटेलाल साव ने बताया कि- जे एच 02वी-1209 नंबर की टर्बो (407) में अवैध कोयला लदा टर्बो को जप्त कर वाहन मालिक होरिल मेहता ग्राम सोकी प्रखंड मयूरहंट, जिला चतरा पर मामला दर्ज किया गया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का वन अपराध कार्य नहीं होने दिया जाएगा। जो भी पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।

### कीटनाशक दवा खाने से बच्ची की तबियत बिगड़ी

सतगावां थाना क्षेत्र के नासरगंज में शनिवार की संध्या 4 बजे एक बच्ची ने कीटनाशक दवा खाने से तबियत बिगड़ने का मामला प्रकाश में आया है बताया जाता है कि नासरगंज निवासी प्रेम प्रियदर्शी के 13 वर्षीय पुत्री गरिमा कुमारी ने मामूली रूप से परिजनों के द्वारा डांट फटकार को लेकर गुस्से में आकर घर में रखे खटमल मारने वाला कीटनाशक दवा खा लेने से तबियत बिगड़ गई आनन फानन में परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा था समाचार लिखे जाने तक प्राथमिक उपचार जारी था

# आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी बेहरवाटांड़ टोला को सड़क की नही हुई नसीब

## सड़क नही होने से युवक एवं युवतियों की नही पाती है शादियां : ग्रामीण



गांव की समस्या को सुनाते मो शरीफुद्दीन



गांव का एक मात्र चापाकल



इसी मेढ़ से ग्रामीण करते है आवागमन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के बेहरवाटांड़ टोला को आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी सड़क नसीब नही हुई है। इस गांव के मो शरीफुद्दीन ने बताया की आज तक हमारा यह गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। सड़क नही होने के कारण हमलोग को खेत से होकर जाना पड़ता है। गर्मी और ठंड में तो सब कुछ ठीक रहता है परंतु बरसात के मौसम से घर से बाहर जाना दुभर हो जाता है। जब चुनाव का समय आता है तब सैकड़ों जनप्रतिनिधि आते है और तरह तरह का वादा करते है लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने हमारा गांव का हाल तक जानने नही आया है। उन्होंने कहा की जनप्रतिनिधि सिर्फ हमें चुनाव के समय ढूंढ्ते है। जब पंचायत चुनाव होने वाली थी तब प्रत्येक जनप्रतिनिधि बिन बुलाए हमारे गांव आया करते थे और हमसे हमारी गांव की हाल चाल पूछते थे। लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई हाल चाल नही जानने आता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की हमारे गांव में लगभग 40 - 50 घर है जिसमें सिर्फ एक सरक. ारी चापाकल है।

इस गांव में लगभग 200 की आबादी है लेकिन इस गांव में सड़क तक नही है। वह भी कई दशकों से, इस गांव के ग्रामीणों ने बताया की पिछले कई पीढ़ियों से तो किसी ने सड़क तक नही देखी है। गांव के लोगो को पगडंडियों से आने जाने की आदत बन गई है।

स्थानीय महिलाओं ने बताया की इस गांव में सड़क मार्ग नही होने के कारण युवक एवं युवतियों की शादी में बहुत दिक्कत होती है। आज भी कई ऐसे युवक एवं युवतियां है जिनकी शादी सड़क के अभाव के कारण नहीं हो सकी। कोई भी लड़की पक्ष के लोग इस गांव के लड़के से अपनी बेटी का शादी नही करना चाहता लोग पहले ही देखकर भाग जाते है। कहते है की जिस गांव में सड़क नही हो वहां अपनी बेटी का शादी कैसे करें। जिसके कारण बेटा हो या बेटी उनकी शादी अच्छे परिवार में नही हो पाती है।

साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया की अगर किसी व्यक्ति की तबियत खराब हो जाए, चाहे वह गर्भवती महिलाएं हो या फिर गंभीर पेशेंट या बुजुर्ग उसे एंबुलेंस तक ले जाने के लिए खाट का सहारा लेना पड़ता है। जिसको चार लोग अपने कंधो पर खेत की पगडंडियों और कीचड़ से होकर ले जाते है। सड़क नही होने के कारण एंबुलेंस गांव तक नही पहुंच पाती है।

ज्यादा परेशानी बढ़ और बरसात के दिनों में होती है। जब खेत पानी से लबालब भरा हुआ होता है उन दिन चारो और से यह गांव घिर जाता है और लोग गांव में कैद हो जाते है। भले ही सरकार वा स्थानीय प्रशासन सुशासन की बात करता हो लेकिन इस गांव की स्थिति यह दर्शाती है की विकास तो दूर गांव में आवागमन तक के रास्ते का नही होना सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं इस गांव के लिए बेमतलब है।

विकास के नाम पर इस गांव को सिर्फ बिजली मिली जो लालटेन युग से छुटकारा दिला पाई है। लेकिन सड़क की कमी बहुत खलती है। शुद्ध पेयजल, पानी के लिए नल, शौचालय आज तक इस गांव को नसीब नहीं हुई है।

गांव का पूरा परिवार सिर्फ एक चापाकल से पानी पीते है। ग्रामीणों ने बताया की यह चापाकल पिछले कई महीनो से खराब पड़ा हुआ है और इस बात की जानकारी स्थानीय मुखिया को भी दी गई है परंतु आज तक इसका मरम्मत नही हो पाया है। पूछे जाने पर मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास ने बताया की गांव में गाड़ी नहीं जा पाती है। जिसके कारण अभी तक इसे ठीक नही कराया जा सका है।

वहीं बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बताया की बहुत जल्द इस गांव को सड़क की सौगात मिलने वाली है। और अब इस गांव के लोगो को पहले की तरह पगडंडियों पर आना जाना नही पड़ेगा।

# करसो में कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन्न, बलराम कुमार बने अध्यक्ष व द्वारिका रविदास बने सचिव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत शनिवार को बरही प्रखण्ड के करसो पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से बलराम कुमार को करसो पंचायत का अध्यक्ष व द्वारिका रविदास को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्घ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले देश को धर्म के नाम पर बांटा और अब जात-पात के नाम पर बांट रही है, जबकि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालकर लोगों को जोडने़ का काम कर रहे हैं, कोई विपक्षी नेता ऐसा नहीं जो पांच महीने सड़कों पर कन्याकुमारी से लेकर जम्मू कश्मीर तक पैदल यात्रा कर सके, यह केवल राहुल गांधी ही कर सकते हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष सिकंदर राणा, प्रखण्ड उपाध्यक्ष द्वारिका रविदास, उपाध्यक्ष यमुना यादव, सरयू गोप, पप्पू कुमार राणा, रामादिन राणा, गौतम कुमार, जगन्नाथ सिंह, द्वारिका रविदास, बलराम कुमार, नीरज कुमार सिंह, सौरभ कुमार सिंह, सुमित कुमार राणा, किशोरी भुइयां, रामवतार राम, मुख्तार, राजकुमार यादव, विजय कुमार, विजय सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, अर्जुन भुइयां, रामबिलास रविदास, मुकेश रविदास, मनोज कुमार, दिनेस गोप, बीरेंद्र गोप, सुरेंद्र कुमार, विकास यादव, ओम प्रकाश यादव, राजकुमार यादव, होरिल गोप, रमेश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बैजलाडीह : दरवाजा विहीन शौचालय विभाग की खोल रही पोल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के बैजलाडीह में शौचालय निर्माण के नाम पर काफी लूट हुई है। खुले में शौच मुक्ति का दावा धरातल पर शौचालयों की बदहाल दशा को देख फेल होता दिख रहा है। निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी के चलते शौचालय का दरवाजा भी नही लग पाया है। मानक के अनुरूप शौचालयों का निर्माण न किए जाने से अच्छादित होने के बाद भी लाभार्थी खुले में शौच जाने को विवश है। स्वच्छता से स्वास्थ्य रहा जा सकता है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छता भारत मिशन योजना का संचालन कर ना सिर्फ शौचालयों के निर्माण बल्कि उसके उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे समय में भी शौचालय निर्माण पर लाखों रुपए खर्च के बाद भी खुले में शौच से मुक्ति नही दिख रहीं है। इसे अधिकारियों की उदासीनता कहे या अनदेखी लेकिन मानक के विपरीत शौचालय निर्माण में मनमानी खूब चली है। दरअसल मानक के अनुरूप शौचालय का निर्माण ना किए जाने की वजह से कुछ दिन बाद ही दीवार के ईट गलने लगे और कुछ में दरवाजा भी नही लग पाया । जिससे नौनिहालों को शौच में दिक्कत उठानी पड़ रही है। जिससे अधिकांश शौचालय निष्प्रयोज्य होने से लाभार्थियों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है।

## विष्णुगढ़ में वन विभाग की टीम ने अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



सरिया वन परिसर में जब्त अवैध कोयले से लदी ट्रक

हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की रात अवैध स्टीम कोयला से लदी एक ट्रक (जेएच02एएन 1848) को जब्त किया है। ट्रक में करीब 30 टन कोयला लदा हुआ है। जब्त ट्रक को सरिया स्थित रेंज वन परिसर ले जाया गया है। अवैध कोयले की तस्करी में शामिल प्रदीप कुमार सिंह, विशेश्वर महतो तथा उपच. ालक बरतु उरांव को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को तीनों आरोपियों के विरुद्ध वनवाद दायर कर न्यायिक हिरासत में जेपी केंद्रीय कारा हजारीबाग भेज दिया गया। वनकर्मी ने बताया कि विष्णुगढ़ के गोविन्दपुर पंचायत से सटे बोकारो जिला में स्थित जंगलों में रामगढ़ जिले की ओर से जंगल-पहाड़ के रास्ते ट्रैक्टरों के सहारे स्टीम कोयले की तस्करी कर डंप किया जाता है। जिसे रात के अंधेरे में ट्रकों पर लोड कर गोविन्दपुर के रास्ते विष्णुगढ़ की ओर आने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर टीम का गठन कर छापेमारी की गई। टीम में वनपाल संजीत रविदास, असलम अंसारी, वनपाल अंशु पांडेय, दुष्यंत कुमार मेहता, तुलसी कुमार, विरेन्द्र गंझू, वनरक्षी नारायण मंडल, पंकज कुमार, आशीष समेत अन्य वनकर्मी शामिल थे।

## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर स्पेशल कैंप का किया जायेगा आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

ऐतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 01.01.23 को आहर्ता तिथि मनाते हुए मतदाताओं सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके दौरान आम नागरिक दिनांक 09.11.22 से 8.12.22 तक मतदाता सूची में पंजीकरण सुधार हेतु आवेदन कर सकते है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान इस निमित 20.11.22 रविवार को सभी मतदान केंद्रों पर स्पेशल शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आम नागरिक निम्न सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। दिनांक 01.01.2023, 01.04. 2023, 01.07. 2023 एवं 01.10. 2023 की अर्हता तिथि को मतदाता बनने की योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र 6 में रंगीन फोटो तथा आयु एवं निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते है। 02. मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रवासी भारतीय प्रपत्र 6 क में आवेदन कर सकते है। 03. मतदाता सूची में नाम विलोपन हेतु प्रपत्र 7 आवेदन कर सकते है। 04. मतदाता सूची में प्रविष्टियों का सुधार EPIC प्रतिस्थापन, दिव्यांग चिन्हिकिंत करने, विधानसभा के अंदर अथवा बाहर निवास स्थान्तरण हेतु प्रपत्र 8 आवेदन कर सकते है। 05. दावा एवं आपत्ति आवेदन ( विहित प्रपत्र 6, 6 क, 7 एवं 8 में आवेदन समर्पित करने की अवधि दिनांक 09.11.22 से 08.12. 2022 तक निर्धारित है। इस दौरान सभी प्रकार के आवेदन ठस्व/ म्त्व/म्त्व के कार्यालय में समर्पित किया जा सकता है। सभी प्रपत्र निशुल्क है। 06. सभी प्रपत्रों का ऑनलाइन आवेदन www- nvsp-in एवं भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के वोटर हेल्प लाइन ऐप एवं voterportal-eci-gov-in के माध्यम से किया जा सकता है। 07. सभी मतदाताओं से अनुरोध है की अपने नाम एवं अन्य प्रविष्टियों की जांच दिनांक 09.11.22 एवं 05.01.2023 को प्रकाशित प्रारूप एवं अंतिम मतदाता सूची से कर ले।

## कान्हाचट्टी में सितंबर माह में गरीबो को मिलने वाली पी एम जी का चावल में हो गया बंदरबांट

### तुलबुल पंचायत में डीलर सुरेंद्र सिंह,ईश्वर यादव,बालदेव प्रजापत्ति सहित अन्य डीलरों ने आधा चावल गटक गए

### कोई नहीं है कार्डधारियों का सुध लेने वाले

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : भले ही सरकार गरीबो को भूखे न मरने देगी ।लेकिन स्थानीय डीलरों के मनमानी रवैये के कारण कार्डधारीयो को भेले ही अनाज पूरा न मिले लेकिन डीलरों को अनाज समय पर मिलता है । फिर भी कान्हाचट्टी प्रखण्ड के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने सितंबर माह में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से मिलने वाली अनाज में जमकर कटौती कर दिए हैं ।जहां प्रति यूनिट गरीबो को पांच किलो अनाज मिलता था उसमें डीलरों ने गरीबो को पांच किलो के जगह पर मात्र दो दो किलो ही वितरण किया ।कार्डधारियों ने बताया की डीलर लोगो का कहना है कि हमलोगों को सरकार या गोदाम से दो किलो ही बांटने का निर्देश प्राप्त हुआ है ।दूसरी तरफ गोदाम से डीलरों को तीन किलो के लगभग अनाज मिला है तथा शेष दो किलो अप्रैल से अब तक जो राशन दुकानदारों के पास जो अनाज शेष बचा है उसे मिलाकर पांच किलो प्रति यूनिट देना था ।लेकिन कान्हाचट्टी प्रखण्ड के तुलबुल पंचायत के डीलर सुरेंद्र सिंह,मोहन यादव,ईश्वर यादव,बलदेव प्रजापत्ति, बेंगोकला पंचायत के पिंटु केशरी, मंटू केशरी, कोल्हैया पंचायत के सभी डीलर, बक्चुम्बा पंचायत के डीलर एवं मदगड़ा पंचायत के डीलरों ने मात्र दो किलो प्रति यूनिट के हिसाब से राशन कार्डधारियों को अनाज वितरण किया है ।राशन कार्डधारियों का कहना है कि जनवितरण कार्डधारियों को जनवितरण के डीलरों ने शेष बचे अनाज को बिचौलियों के हाथों बेच दिया गया। कार्डधारियों ने उपायुक्त से जांच कर गरीबो का अनाज दिलवाने और डीलरों पर कार्रवाई की मांग किया है।

## विश्व शौचालय दिवस पर मुखिया नीलम देवी ने ग्रामीणों को दिलाई शपथ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर पंचायत सचिवालय पंचमाधव में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय मुखिया नीलम देवी ने ग्रामीणों कों शपथ दिलाई और कहा की महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी को साफ एवं स्वच्छ रहना चाहिए हमें सदैव शौचालय का प्रयोग करना चाहिए प्लास्टिक का प्रयोग हमें कम से कम करना चाहिए कूड़ा करकट का निष्पादन सही तरीके से करना चाहिए तभी हमारा समाज और पंचायत स्वच्छ हो सकता है उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा की खुद स्वस्थ रहे और लोगों को भी प्रेरित करे। मौके पर पंचायत सचिव नेमधारी महतो, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, आंगनवाड़ी सेविका पूनम देवी, आशा रजक, स्वयं सेवक सिकंदर कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालक शिवकुमार, सहिया सबिता देवी, विशेश्वर, छोटन गोप, शमीम अंसारी, लतीफ मियां, ललधारी यादव, मन्नू ठाकुर, धीरेन्द्र यादव, नागेश्वर रजक, पंकज कुमार एवं पिंटू कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## बरही की समस्याओं को लेकर वित्त मंत्री रमेश उरांव से मिले टीएसएस सुप्रीमो अरूण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही विधानसभा के विभिन्न समस्याओं को लेकर तिलेश्वर साहू सेना के सुप्रीमो अरुण साहू जी प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, पंचायत अध्यक्ष राजू मेहता, जन विकास समाजसेवा परिषद् के जनरल सेक्रेटरी विनय कुमार पासवान के साथ झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से मिले । जहां अरुण साहू ने बरही विधानसभा में हो रही विभिन्न समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। उनकी बातो को सुनकर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव उन्हें आश्वासन दिया कि बरही की जो भी जनसमस्याएं हैं वो सब जल्द ही दूर किए जायेंगे। साथ ही साथ उन्होंने अरुण साहू का सराहना करते हुए कहा की आप जनता के सही नेता हैं, बरही में आपके जैसे नेता की जरूरत है जो अपने जनता की समस्याओं को लेकर मुखर हो ।




APEM LIVE

## कहासुनी को लेकर हुई 2 गुटों में जमकर रोड़ेबाजी में एक दर्जन से अधिक लोग घायल, सभी रेफर

**अपेम लाइव : संतगांवा**




सतगावां थाना क्षेत्र के महथा खैरा में शनिवार को दोपहर 12 बजे जमीन विवाद को लेकर आपसी बहस में दो गुटों में हुई जमकर रोडेबाजी में एक दर्जन से अधिक लोग बुरी तरह से घायल हो गए जिसे गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को कोड. रमा रेफर की गई बताया जाता है कि महथा खैरा निवासी शिवबालक प्रसाद यादव,दिनेश प्रसाद यादव,बृजेश नंदन प्रसाद यादव के साथ उमेश प्रसाद यादव का जमीन विवाद को लेकर दोनों में कहा. सुनी चल रही थी इसी बीच उसी गांव के निवासी मंगलेश प्रसाद यादव ने उमेश प्रसाद यादव का पक्ष लिया इसी बीच मंगलेश प्रसाद यादव व अजय कुमार दोनों भाई के साथ शिवबालक प्रसाद यादव के बीच तू तू मैं-मैं करते हुए आपसी भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों ओर से जमकर रोडेबाजी हुई रोड़ेबाजी में दिनेश प्रसाद यादव 60 वर्ष व शिवबालक प्रसाद यादव 62 वर्ष दोनों पिता लटन महतो, अभिषेक कुमार 30 वर्ष पिता शिवबालक यादव,बृजनंदन यादव उम्र 50 वर्ष पिता लटन महतो, मंगलेश कुमार पिता उम्र 40 वर्ष पिता लाल बिहारी यादव, चंद्रिका प्रसाद यादव उम्र 65 वर्ष पिता चमारी महतो,अजय कुमार 26 वर्ष पिता लाल बिहारी यादव, विपिन कुमार 36 वर्ष पिता लाल बिहारी यादव,देवंती देवी 65 वर्ष पति लाल बिहारी यादव, धनेश्वर यादव 60 वर्ष पिता सोहर यादव,मुकेश कुमार उम्र 26 वर्ष चंद्रिका प्रसाद यादव,सुरेंद्र प्रसाद उम्र 40 वर्ष पिता बनवारी प्रसाद,लालबिहारी प्रसाद उम्र 70 वर्ष पिता चमारी महतो बुरी तरह जख्मी हो गए घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों ओर से चल रहे रोड़ेबाजी कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और आनन-फानन में सभी घायलों को ग्रामीणों व पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए सभी घायलों को कोडरमा रेफर की गई वहीं मामले को लेकर सतगावां पुलिस छानबीन कर रही है वहीं गांव में पुलिस की छाबनी में तब्दील हो गई दोनों ओर से माहौल गर्म है कभी भी अप्रिय घटना घटने की संभावना है।समाचार लिखे जाने तक दोनों ओर से सतगावां थाना में कोई आवेदन नहीं दी गई है

## विधायक अंबा प्रसाद ने होरम के ग्रामीणों को दिलाया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के होरम मे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ग्रामीणों ने उक्त ग्राम में विगत दिनों ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना विधायक अंबा प्रसाद को दूरभाष के माध्यम से दिया। जिसके बाद विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली संकट से लोगों को हो रही परेशानी एवं बच्चों को पठन-पाठन में कर रहे दिक्कतों का सामना पर तुरंत संज्ञान लिया एवं बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।ट्रांसफार्मर मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए विधायक अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी बिजली की समस्या होती है तो सीधे बिना किसी संकोच के बताएं ताकि समस्या को दूर किया जा सके। ट्रांसफार्मर मिल जाने पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मिंटू कुमार, बलदेव महतो, बालेश्वर महतो, सिकंदर महतो, फूलचंद महतो, कारू महतो समेत समस्त ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया।

## रोड निर्माण में मुआवजा की अनियमितता को लेकर रैयतों ने की बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही तिलैया रोड उज्जैना में अर्जित की जा रही जमीन का उचित मुआवजा नही मिलने के कारण रैयतों ने बैठक किया। साथ ही उन्होंने बताया की मुआवजा में नियम संगत से नही रखने के लिए ।. R-B टेटर नियुक्त किया गया जो रैयत गोलबंद होकर उपायुक्त से मांग कर रहे है की बरही आकर बरही में रैयतों के साथ हो रही समस्या को समाधान करे। जिसको लेकर रैयतों ने बैठक सोमवार को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। मौके पर बरही पश्चिमी जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, उमेश कुमार, मनोज केशरी, ईश्वर गुप्ता, भुनेश्वर साव, परमेश्वर प्रसाद केशरी, राहुल कुमार साव, शैलेंद्र कुमार, मोती साव, सुरेश केशरी, सनी केशरी, राहुल कुमार, प्रदीप पंडित, त्रिवेणी साव एवं छोटू कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे

## कांग्रेस पार्टी के बच्छई पंचायत अध्यक्ष बने बहादुर राणा, भारत जोड़ो यात्रा पर भी बनी रणनीति

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी चौपारण के बैनर तले सिंघरावां में बच्छई और सिंघरावां पंचायत के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाया गया। बैठक की अगुवाई प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष विकास यादव व संचालन कांग्रेस कमिटी के महासचिव राम लखन राणा ने किया। बैठक में कांग्रेस ज़िला महासचिव विनोद यादव बतौर मुख्यातिथि उपस्तिथ हुए। इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में आगामी 26 नवंबर को निर्धारित पदयात्रा की सफलता एवं संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई। बच्छई पंचायत में रिक्त पड़े अध्यक्ष पद के लिए ओबरा निवासी बहादुर राणा को सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष का जिम्मेवारी दिया गया। प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव ने पद यात्रा में कार्यकर्ताओं से बढ़चढ़कर हिस्सा लेने का अग्रह किया। बैठक में प्रखंड महासचिव रामलखन राणा, जवनपुर मुखिया जानकी यादव,उप प्रमुख प्रतिनिधि लालेश साहू,गोपाल विश्कर्मा, अशोक सिंह,वीरेंद्र यादव,कपिल देव राणा नरेश कुमार ,अनिल कुमार राणा, संतोष कुमार रजक ,सकलदेव यादव ,संतोष यादव, विक्रम कुमार सिंह, विकास कुमार यादव, बहादुर राणा, भुनेश्वर रजक, प्रकाश यादव, विनोद सिंह सुरेंद्र यादव, मोहम्मद तैयब अंसारी , बासुदेव यादव, परमेश्वर यादव, सूरज कुमार यादव, नौशाद आलम ,वीरेंद्र यादव, मुकेश कुमार शर्मा ,मिनहाज मेहंदी ,शमशेर आलम इत्यादि उपस्थित हुए






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बाल संरक्षण एवं लिंग आधारित हिंसा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुवात

**अपेम लाइव : चौपारण**

**किशोर राणा**




ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्ग झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा जेन्डर सीआरपी का बाल संरक्षण एवं लिंग आधारित हिंसा पर दो दिवसीय गैर आवासीय एस–डी बीआरपी का प्रशिक्षण का शुरुवात हुवा। कार्यक्रम बीपीएम मुकेश करमाली के देख रेख में संचालित किया जा रहा है। जिसमें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई महिला बीआरपी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बाल संरक्षण एवं परिवार आधारित देख रेख, बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने, प्रभावी पालन पोषण, बाल संरक्षण हेतु समाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार पर ग्राम में जागरुता फैलाने हेतु चौपारण के सभी पंचायत से चयन एसओ बीआरपी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि समाज के सुधारक के रूप में जागरूक किया जा सके। प्रशिक्षण एस–डी बीआरपी नीलू देवी, रेहाना खातून , आरती कुमारी सिंह, सुमित्रा देवी, कंचन देवी, चाहना सिंह, सोनी देवी, गुड़िया कुमारी, रानी कुमारी, कुमारी तृसा रानी, सरिता देवी, ललीता देवी बविता देवी, प्रतिमा रानी, ऊषा देवी, आरती देवी, अंशु सिंह, विमला देवी सहित अन्य शामिल हैं।

## चंदवारा के राजमिस्त्री राजू पंडित तथा मां ने सब्जी बेचकर अपने बेटे को बनाया स्टेशन मास्टर

**अपेम लाइव चंदवारा**

**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा प्रखंड के मिडील स्कूल गली रोड निवासी राजू पंडित के पुत्र ने कड़ी मेहनत और संघर्ष से रेलवे में स्टेशन मास्टर का पद पर सफलता पाकर पूरे प्रखंड को गौरवान्वित किया है बता दें कि महेश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने घर के निकट मिडिल स्कूल व आर.एम.एम .हाई स्कूल से मैट्रिक शिक्षा प्राप्त करके वे जनरल कंपटीशन की तैयारी करने के लिए हजारीबाग चले गया वहां मेघा सिविल सर्विसेज अकादेमी संपूर्ण तैयारी पांच सालों तक रहकर लगातार कड़ी संघर्षों के बाद सफलता हाथ लगी है बता दें कि पिता पैसे से राजमिस्त्री तथा माता सब्जी बेचकर अपना गुजारा करते हैं अभी के समय में बड़े शहरों में अपने बेटे को पढ़ाना बहुत बड़ी चुनौती होती है लेकिन अपने बेटे के सपने के लिए दिन रात एक करके वह चार हजार रुपये अपने बेटे को भेजा कर पढ़ाया बाकी के पैसे महेश हजारीबाग में रहकर आस पास के हॉस्टल में जाकर ट्यूशन पढ़ाकर अपने ट्यूशन फी का इंतजाम खुद करके वाह रेलवे के स्टेशन मास्टर के पद पर नियुक्त हुआ है इस सफलता पर उन्होंने बताया कि आदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहते हैं तो कठिन परिश्रमी ही सफलता दिला सकता है तथा महेश ने बहुत ही रोचक तथ्य बताया कि इस आधुनिक जमाने में जहां लोग पंद्र और बीस हज़ारका मोबाइल रखते हैं लेकिन गरीबी का मा और पैसे ना होने के कारण वाह एंड्राइड मोबाइल ना चला कर यह सफलता हासिल क्या है तथा उन्होंने बताया कि पैसे की किल्लत ने मुझे संघर्ष करने पर विवश कर दिया और मैंने खाने मै चावल और टमाटर का चटनी बनाकर एक बार बना कर रख देता था और उसी को दिन और रात मै खाता था और बाकी के बचे समय में पढ़ाई पर अपना सारा ध्यान केंद्रित करता था इस सफलता के पीछे उनके मां–बाप तथा आस–पड़ोस गांव तथा उनके सहपाठियों ने खुशी व्यक्त किया है इस सफलता पर बधाई देने वालों में उनके गुरु सकलदेव कुशवाहा, मनोज राणा, सुखदेव राणा, सुरेश रजक ,वही दोस्तों मैं प्रकाश कुशवाहा, राजन कुमार, बबलू पंडित, संजीव कुमार, मनोज राणा, रवि यादव, धीरज सोनी, आनंद राही, मनीष पंडित, व अन्य दोस्तों ने बधाइयां दी है

## प्रह्लाद मोदी के हाथों सिकन्दर अली को मिला झारखंड सेवा रत्न सम्मान

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**

**मिथलेश गोल्डी**




प्रवासी मजदूरों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली को बेहतर कार्य के लिए प्रधानमंत्री के भाई प्रह्लाद दामोदर दास मोदी के हाथों झारखंड सेवा रत्न सम्मान दिया गया। यह सम्मान उन्हें मुंबई में झारखण्डवासी परिवर्तन संघ द्वारा आयोजित 22वां झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर दिया गया। सिकंदर अली प्रवासी ने मजदूर, पर्यावरण, शिक्षा आदि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हैं। साथ ही लगातार आम लोगों के बीच रहकर सेवा करते आए हैं। बीते वर्ष 2021 में भी उन्हें झारखंड सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए भी कई सम्मान मिल चुके हैं। अवार्ड मिलने पर क्षेत्र के लोगो में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद दामोदर दास मोदी के हाथों मिले इस सम्मान से गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने यह सम्मान अपने माता–पिता एवं शुभचिंतको को समर्पित किया है। मौके पर मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार, आईटी ऑफिसर मनुलाल बैठा, फिल्म लेखक दिलीप शुक्ला, विधायक अमित यादव, अमरजीत मिश्रा, पंकज सोनी, डॉ नेहा सिन्हा, मनोज सिंह, दिनेश प्रसाद, जिप सदस्य कुमकुम देवी आदि कई लोग मौजूद थे।

## सतगावां के रामडीह का शुभम बना सीमा शुल्क एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कर सहायक

### बीते माह आए परिणाम के बाद पहली बार आसनसोल से घर आते ही शुभम को परिजनों ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : संतगांवा**




सतगावां प्रखंड क्षेत्र के रामडीह गांव निवासी पारा शिक्षक मनोज कुमार के पुत्र एसएससी सीजीएल 2020 परीक्षा में सफल होने के बाद पहली बार आसनसोल से घर पहुंचते ही उनके परिवार में खुशियों का कोई ठिकाना नही रहा. दरअसल बीते माह एसएससी सीजीएल परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ था. जिसमें शुभम कुमार ने भी सफलता हासिल किया. इधर परिणाम घोषित के बाद शुभम कुमार का परिवार बेसब्री से शुभम का घर आने का इंतजार कर रहे थे. शुभम ने बताया कि परिणाम आने की सूचना का हमने परिवार के अलावे किसी को नही बताया था. चूंकि एक तो हम आसनसोल में तैयारी में लगे हुए थे. इधर जब वो घर पहुंचे है तो उनके घर बधाई देने वालों की तांता लगा हुआ है. गांव में खुशियों का माहौल है मेरे मन में भी अफसर बनने का सोच बन गया. अपने आप को मोटिवेट किया. उसके बाद पुनः जूनून ऐसा जगा की हमने पूरे लग्न के साथ पढ़ाई शुरू कर दिया.उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता,माता समेत अपने गुरुजनों को दी है.शुभम के पिताजी प्राथमिक विद्यालय मकतब शिवपुर में पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं और माता कुमारी रंजना स्वास्थ्य उपकेंद्र राजाबर में एएनएम के पद पर कार्यरत हैं शुभम बताते हैं कि मैं पहले कमर्चारी राज्य बीमा निगम के एमटीएस में चयन हुआ था शुभम अपनी पढ़ाई गांव से ही की थी उन्होंने मैट्रिक परीक्षा गांव से ही पास करके, इंटर व स्नातक बिहार बोर्ड से करने के बाद झारखण्ड से बीएड भी किये उनके चयन की खबर से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है साथ ही साथ चयन पर दर्जनों लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## रुदवा नदी के पुल पर बने सड़क के बीचों बीच बिजली का खम्भा बड़ी दुर्घटना को कर रहा आमंत्रित

### ग्रामीण कई बार बिजली विभाग को दे चुकी है सूचना

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी बाजार से ब्लॉक की ओर जाने वाली सड़क में पड़ने वाली नवनिर्मित रुदवा पुल पर तीन मुहान पर सड़क के बीचों बीच बिजली का पोल गडा हुआ है ।सड़क के बीचों बीच पड़ने वाला प०ल इस तरह पिच के बीच मे है कि कभी भी बड़ी घटना घट सकती है ।बताते चले कि ऊक्त पुल से होकर सैकड़ो बड़ी छोटी गाड़ियों का आना जाना होता है ।वर्तमान में जिस तरह से युवा पीढ़ी रफ्तार में वाहन चलाते हैं उससे इस बिजली की पॉल में कभी भी धक्का लग सकता है। इतना ही नहीं ठीक उसी जगह एक ट्रांसफार्मर नदी में ही लगाया गया है ।जिससे दुर्घटना की संभावना प्रबल हो जा रहा है ।कान्हाचट्टी के ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग को इसकी जानकारी दे चुके हैं फिर भी सड़क के बीचों बीच से पॉल हो हटाया नहीं जा रहा है ।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क कब बीच से पॉल हटाने का आग्रह किया है ताकि उस प०ल से दुर्घटना न घटे।

## विष्णुगढ़ के नावाटांड में सर्पमित्र सुरेश राम ने किया अजगर सांप का रेस्क्यू

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**

**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो पंचायत अंतर्गत नावाटांड़ गांव से शनिवार की शाम करीब 6 बजे 15 किलो वजनी अजगर सांप का रेस्क्यू किया गया। सर्पमित्र सुरेश राम ने सुरक्षित तरीके से अजगर सांप का रेस्क्यू कर उसे बोरो जंगल ले जाकर छोड़ दिया। सर्पमित्र सुरेश राम ने बताया कि नावाटांड़ गांव के डेगलाल महतो के घर के सामने बड़ा अजगर सांप विचरण कर रहा था। इसे देख घरवालों ने पहले विशेश्वर महतो को सूचना दी। विशेश्वर महतो मौके पर पहुंचकर अजगर सांप को कब्जे में करने की भरपूर कोशिश की। मगर अजगर के अधिक भारी होने के कारण वे रेस्क्यू करने में सफल नहीं हो सके। इसके बाद सर्पमित्र सुरेश राम को सूचना दी गई। सूचना पर वे तत्काल मौके पर पहुंचे और अजगर को सुरक्षित तरीके से बोरे में भरकर पास के बोरो जंगल ले जाकर मुक्त कर दिए। इसके बाद घरवालों को राहत की सांस मिली। बता दें कि नावाटांड़ निवासी सुरेश राम अब तक सैकड़ों बेजुबान जीवों का सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर चुके हैं। उन्होंने कहीं भी सांप या अन्य जहरीले जीव निकलने पर 8092105862 पर सूचना देने की अपील की है।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार